और उत्तराखण्ड में सकारात्मक आर्थिकी एवं

यूटीयू की अच्छी शुरूवात : 'एक पेड़ मां के नाम' पर रोपे पौधे

अमर हिन्दुस्तान

देहरादून। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा देशवासियों से किये गये आह्वान 'एक पेड़ मां के नाम' के क्रम में वीर माधो सिंह भण्डारी उत्तराखण्ड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय यूटीयू ने आज विश्वविद्याल परिसर में पौधा रोपण का कार्यक्रम आयोजित किया। पौधा रोपण कार्यक्रम के दौरानअशोका व पाम सहित विभिन्न प्रकार के पौधे 70 से अधिक कर्मचारियों द्वारा रोपे गये। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो ओंकार सिंह ने प्रधानमंत्री जी द्वारा की गयी इस अनूठी पहल ''एक पेड़ माँ के नाम''पर लगाये जाने के अभियान की सराहना करते हुए कहा कि यह अभियान पर्यावरणीय सुरक्षा और समृद्धि के लिए भी महत्वपूर्ण है। कुलपति ने विश्वविद्यालय के अधिकारियों, कर्मचारियों, शिक्षकों एवं छात्रों को भी पर्यावरणीय सुरक्षा और समृद्धि के लिए समर्पित इस अभियान में तत्परता से अपनी-अपनी सहभागिता सुनिश्चित करते हुए बढ़ चढ़कर प्रतिभाग कर ''एक पेड़ माँ

के नाम के संकल्प के साथ इस अभियान को सफल बनाने में अपनी महत्ती भूमिका निभायें। उन्होंने कहा कि निश्चित रूप से एक पेड़ माँ के नाम अभियान के सफल होने से धरती पर ऑक्सीजन की मात्रा में बढ़ोत्तरी, धरती के तापमान को नियंत्रित करने, भूजल स्तर को ऊपर लाने और प्रदूषण को नियंत्रति करने में कारगर सिद्ध होगा। पौधारोपण कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ सत्येन्द्र सिंह, वित्त नियंत्रक बिक्रम सिंह जंतवाल, परीक्षा नियंत्रक डॉ. विनय कुमार पटेल, परिसर निदेशक महिला प्रौद्योगिकी संस्थान डॉ मनोज कुमार पाण्डा, डॉ. विशाल रामोला सहित विश्वविद्यालय शिक्षक व कर्मचारी शामिल रहे।